दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शनिवार 11 जनवरी 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 104

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आज से और बढ़ेगी ठंड, सर्द हवाओं का सितम

» कोहरे से कई फलाइट रद्द

रांची (आरएनएस)। रांची समेत पूरे राज्य के कई जिलों में गुरुवार को बारिश हुई, कोहरा छाया रहा। जामताड़ा में बारिश के बीच हुए वज्रपात से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, रांची एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी कम होने के कारण तीन विमानों को डायवर्ट किया गया, दो को रद कर दिया गया। पिछले 24 घंटे में रांची में 15.6 मिमी. बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश सिमडेगा में 32.8 मिमी. दर्ज की गई। सामान्य तापमान की अपेक्षा अधिकतम तापमान में 2.0 डिसे. की गिरावट व न्यूनतम तापमान में 3.0 डिसे. की वृद्धि दर्ज की गई

### पवन जल्लाद ने मेरठ जेल में खुलवाया फांसीघर, 20 जनवरी को जाएगा तिहाड़

» निर्भया केस

मेरठ (आरएनएस)। निर्भया के चार गुनाहगारों को फांसी पर चढ़ाने की तैयारी कर रहा पवन जल्लाद गुरुवार को मेरठ जेल पहुंचा। उसने फांसीघर खुलवाया और जायजा लिया। इसके बाद जेल अधिकारियों से फांसी से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर बातचीत की। बाताया जा रहा है कि 20 जनवरी को पवन को तिहाड़ जेल पहुंचना है। पटियाला हाउस कोर्ट दो दिन पहले ही निर्भया के चार दोषियों का डेथ वारंट जारी कर चुकी है। 22 जनवरी की सुबह 7 बजे तिहाड़ जेल दिल्ली में इन्हें एकसाथ फांसी दी जाएगी। इसके लिए मेरठ से पवन जल्लाद को बुलाया गया है। मेरठ में हापुड़ रोड पर कांशीराम आवासीय कॉलोनी में रहने वाला पवन इसके लिए पूरी तरह से तैयार है।

### अमेरिकी ठिकानों पर हमले और यूक्रेन विमान हादसे के बाद ईरान पर नजर रखेंगे रूसी सेटेलाइट

मॉस्को (आरएनएस)। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोसकॉसमोस इराक में अमेरिकी एयरबेस पर हमले और यूक्रेन का हवाई जहाज दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद ईरान पर नजर रखेगा। संस्था की बेवसाइट के द्वारा गुरुवार को बयान जारी इसकी जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि एजेंसी ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग, इंडोनेशिया, इजरायल और वीन्स में आयी बाढ़ पर भी अपनी नजर रखेगी।

### नाइजर में सैन्य शिविर पर हमले में 63 'आतंकवादी' और 25 अन्य की मौत

नियामे। अफ्रीकी देश नाइजर में एक सैन्य शिविर पर बृहस्पतिवार को हथियारों से लैस हमलावरों ने हमला किया जिनमें 25 लोगों की मौत हो गई और 63 'आतंकवादी' मारे गए। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल सुलेमानी गाजोबी ने टेलीविजन पर कहा कि यह हमला माली की सीमा से लगे काफी संवेदनशील क्षेत्र में हुआ। हमालवर वाहनों और मोटरसाइकिलों पर आए थे। यह हमला पश्चिमी तिलाबेरी के चिनेगोदार क्षेत्र में हुआ जो बुर्किना फासो की सीमा से भी लगा है। प्रवक्ता ने बताया कि नाइजर वायु सेना और सहयोगियों की मदद से जवाबी कार्रवाई की गई और हमलावरों को हमारी सीमा से बाहर निकालने में सफलता हासिल हुई।

### तेज आवाज के कारण डायवर्ट की गई लास वेगास-पेरिस उड़ान

बोस्टन। लॉस वेगास से पेरिस जाने वाली उड़ान को तेज आवाज के कारण बोस्टन डायवर्ट कर दिया गया। यह जानकारी शुक्रवार को दी गई है। बोस्टन की डब्ल्यूसीवीबी टीवी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, डेल्टा एयरलाइंस की उड़ान 148 ने लास वेगास से गुरुवार रात प्रस्थान किया था। इस दौरान एक यात्री ने विमान से आ रहे तेज आवाज को अपने फोन में रिकॉर्ड कर लिया।

# आर्टिकल 370 : जम्मू-कश्मीर में पाबंदियों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट आज सुनाएगा फैसला

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान खत्म करने के सरकार के निर्णय के बाद इस पूर्व राज्य में लगाये गये प्रतिबंधों के खिलाफ कांग्रेस के नेता गुलाम नबी आजाद और अन्य की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट फैसला सुनायेगा।





न्यायमूर्ति एन वी रमण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति बी आर गवई की तीन सदस्यीय पीठ ने इन प्रतिबंधों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पिछले साल 27 नवंबर को सुनवाई पूरी की थी।

केन्द्र सरकार ने जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान समाप्त करने के बाद वहां लगाये गये प्रतिबंधों को 21 नवंबर को सही ठहराया था। केन्द्र ने न्यायालय में कहा था कि सरकार के एहतियाती उपायों की वजह से ही राज्य में किसी व्यक्ति की न तो जान गई और न ही एक भी गोली चलानी पड़ी।

गुलाम नबी आजाद के अलावा, कश्मीर टाइम्स की कार्यकारी संपादक अनुराधा भसीन और कई अन्य ने घाटी में संचार व्यवस्था ठप होने सहित अनेक प्रतिबंधों को चुनौती देते हुये याचिकाएं दायर की थीं।

केन्द्र ने कश्मीर घाटी में आतंकी हिंसा का हवाला देते हुये कहा था कि कई सालों से सीमा पार से आतंकवादियों को यहां भेजा जाता था, स्थानीय उग्रवादी और अलगावादी संगठनों ने पूरे क्षेत्र को बंधक बना रखा था और ऐसी स्थिति में अगर सरकार नागरिकों की सुरक्षा के लिये एहतियाती कदम नहीं उठाती तो यह मूर्खता होती।

दरअसल, केन्द्र की मोदी सरकार ने पिछले साल पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अनेक प्रावधान खत्म कर दिये थे। इसके बाद जम्मू-कश्मीर दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभक्त हो गया था- लद्दाख और कश्मीर।

## जनगणना के समय शौचालय, टीवी, निजी वाहनों समेत मांगी जाएगी जानकारियां

नई दिल्ली (आरएनएस)। एक अप्रैल से शुरू होने जा रहे जनगणना के एक चरण के दौरान अधिकारी घर के मुखिया के मोबाइल नंबर, शौचालय के बारे में जानकारी, टीवी, इंटरनेट, निजी वाहनों, पेयजल के स्रोतों सहित विभिन्न जानकारियां मांगेंगे। रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त ने एक अधिसूचना में कहा कि जनगणना अधिकारियों को 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक निर्धारित हाउसलिस्टिंग एंड हाउजिंग सेंसस के दौरान हर घर से जानकारी एकत्र करने के लिए 31 प्रश्न पूछने का निर्देश दिया गया है।

हालांकि अधिसूचना में स्पष्ट कर दिया गया है कि मोबाइल नंबर केवल जनगणना से संबंधित संचार के लिए मांगा जाएगा और किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं। हर घर से मांगी जाने वाली अन्य जानकारी इस प्रकार है- क्या परिवार के पास टेलीफोन, मोबाइल फोन, स्मार्टफोन, साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, मोपेड, कार, जीप या वैन, रेडियो या ट्रांजिस्टर, टेलीविजन, लैपटॉप या कंप्यूटर है या इंटरनेट



तक पहुंच है।

बता दें कि कैबिनेट ने जनगणना के लिए 8,754.23 करोड़ के खर्च को मंजूर किया है। नैशनल पॉप्युलेशन रजिस्टर के लिए 3,941.35 करोड़ रुपये के खर्च को मंजूरी दी है। 1 अप्रैल 2020 से जनगणना शुरू की जाएगी और सितंबर तक चलेगी। ऐप के जरिए भी रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। ब्रिटिश काल से चली आ रही जनगणना के बजाय अब तकनीक से जनगणना की जाएगी। इसके लिए राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर को मंजूरी दी गई है।

### सराय रोहिल्ला की झुग्गियों में लगी भयंकर आग

» दमकल की चार गाड़ियां मौके पर

नईदिल्ली (आरएनएस)। देश की राजधानी में आए दिन आगजनी की घटनाएं सामने आ रही है। शुक्रवार को दिल्ली के सराय रोहिल्ला इलाके में लिबर्टी सिनेमा के पास झुग्गियों में आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। तेज हवा की वजह से आग फैल रही है। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। बता दें कि आग लगने की वजहों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। आपको बता दें कि दिल्ली के पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र में गुरुवार पेपर प्रिंटिंग प्रेस में आग लगने से एक शख्स के मौत हो गई थी। पटपड़गंज इंडस्ट्रियल इलाके में लगी भीषण आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 35 गाड़ियां मौके पर पहुंची थी।

## चंद्र ग्रहण 2020 : 4 घंटे 5 मिनट तक रहेगा 10 जनवरी का चंद्र ग्रहण

नई दिल्ली (आरएनएस)। साल 2020 का पहला ग्रहण चंद्र ग्रहण इसी सप्ताह 10 जनवरी (दिन- शुक्रवार) को पड़ेगा। यह चंद्र ग्रहण 10 जनवरी को रात 10.37 बजे शुरू होगा और 02.42 तक चलेगा। यानी यह पहला ग्रहण चार घंटे 5 मिनट तक चलेगा। लेकिन ज्योषिचार्यों का मानना है कि इस बार सूतक नहीं लगेगा। यानी मंदिरों के कपाट खुले रहेंगे। इसके बावजूद भी ग्रहण या उसके अगले दिन गंगा स्नान करना व पुण्य -दान मान्य होगा।

नहीं लगेगा सूतक काल : धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस तरह के ग्रहण को मांद्यचंद्र ग्रहण कहते हैं। चूंकि इस ग्रहण में चंद्रमा का कोई हिस्सा नहीं छिपेगा, बल्कि चांद मटमैला सा दिखेगा। इसलिए ज्योतिष इस तरह के ग्रहण को ग्रहण नहीं कहते। इसकी धार्मिक मान्यता नहीं है। इसलिए इस दौरान मंदिरों के कपाट बंद नहीं होंगे। वैसे ग्रहण में 9 घंटे पहले सूतक लग जाते हैं लेकिन इस बार ज्योतिषियों की मानें तो इस चंद्र ग्रहण में सूतक नहीं लगेंगे।



**साल 2020 के आगामी ग्रहण-**

- 10 जनवरी - चंद्र ग्रहण
- 5 जून - चंद्र ग्रहण
- 21 जून - सूर्य ग्रहण
- 5 जुलाई - चंद्र ग्रहण
- 30 नवंबर -चंद्र ग्रहण
- 14 दिसंबर - सूर्यग्रह

**कहां दिखेगा चंद्र ग्रहण ?**

इस बार का चंद्र ग्रहण भारत में देखा जा सकेगा। साथ ही यूरोप, एशिया अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया महाद्वीपों के कई इलाकों में देखा जा सकेगा। साल 2020 में चार चंद्रग्रहण हैं जिसमें से 10 जनवरी को होने वाला ग्रहण पहला चंद्रग्रहण होगा।

**चंद्र ग्रहण का वैज्ञानिक कारण-**

खगोल विज्ञान के अनुसार जब सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा एक सीध पर आते हैं और पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ती है तो चंद्र ग्रहण होता है। इसी प्रकार जब सूर्य और पृथ्वी के बीच चंद्रमा आ जाता है और चंद्रमा की छाया पृथ्वी पर पड़ती है यानी सूर्य के प्रकाश को आशिंक या पूरा कुछ समय के लिए रोक लेती है तो सूर्य ग्रहण होता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, ग्रहण एक सामान्य खगोलीय घटना है इसका किसी के जीवन पर बुरा या अच्छा असर नहीं होता।

## अब चिट्ठी का पता बतायेगे स्मार्ट लेटर बॉक्स

**जमशेदपुर (आरएनएस)। कोल्हान मंडल 92 डाकघरों का लेटर बॉक्स अब स्मार्ट हो गया है। ये सभी लेटर बॉक्स साफ्टवेयर व मोबाइल एप से जोड़ दिया गया है।**

इस एप का नाम नन्यथा रखा गया है। नन्यथा को लेटर बाक्स क्लीयरेंस सिस्टम से जोड़कर इनकी आनलाइन निगरानी की जा रही है। इस सिस्टम से जुड़ने के बाद सभी उप डाकघरों का लेटर बॉक्स का हर दिन खुलना सुनिश्चित हो गया है। कौन सा लेटर बॉक्स कितने बजे खुला और उस बॉक्स से कितने लेटर निकले , इसे ऑनलाइन देखा जा सकता है। कोल्हान (सिंहभूम ) मण्डल परिक्षेत्र के वरीय डाक अधीक्षक विमल किशोर बताते है कि नन्यथा सॉफ्टवेयर के मध्यम से लेटर बॉक्स की मेकाना इज्ड निकासी व्यवस्था शुरू हो गई है।



यह आधरित तय समय व जीपीएस से लेस सॉफ्टवेयर के माध्यम से पत्रो की निकासी की नियमत निगरानी की जा रही है। अब घर बैठे भी वेबसाईट पर अपने क्षेत्र के लेटर बॉक्स की स्थिति देखे सकेंगे। बताया जाता है कि हर लेटर बॉक्स के अंदर 12अंकों का यूनिक बार कोड लगाया गया है। इसका पहला छह अंक पिनकोड है। डाक कर्मी किसी भी लेटर बॉक्स से पत्रों की निकासी करने से पहले वह अपने इंड्रायड बेस्ड स्मार्ट मोबाइल फोन के नन्यथा एप से उस लेटर बॉक्स के बार कोड को स्केन करके उसमे निकले हुऐ कुल पत्रों की संख्या को उसी स्थान पर अपलोड करेंगे।

### मिशेल ओबामा लॉन्च करेंगी नया इंस्टाग्राम शो, कॉलेज के चार छात्रों पर होगा आधारित

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ओबामा ने एक नए इंस्टाग्राम शो के शुभारंभ की घोषणा की जो कि कॉलेज के चार छात्रों के जीवन पर आधारित है। इस सीरीज में कुछ 6 एपिसोड होंगे जिसका शीर्षक है ए ईयर ऑफ़ फर्स्ट है। इस महीने के अंत में यह सीरीज प्रीमियर होगी और जून में समाप्त होगी। इस सीरीज का प्रोडक्शन एटीटीएन मीडिया कंपनी के साथ मिलकर किया जा रहा है। मिशेल ओबामा ने अपने दिए एक बयान में कहा कि वो अपनी कहानियों को साझा करके, दूसरों को यह समझाने में मदद करेंगी कि कॉलेज के पहले साल में कुछ ऐसे उतार-चढ़ाव होते हैं जिनसे हर कोई गुजरता है।

## नागरिकता कानून, एनपीआर, एनआरसी पर पूर्व नौकरशाहों ने उठाए सवाल

नईदिल्ली (आरएनएस)। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर मचे बवाल पर अब देश भर के 106 पूर्व नौकरशाहों ने सवाल उठाए हैं। इन नौकरशाहों ने सरकार को पत्र लिखा है और कानून की वैधता पर सवाल खड़े किए हैं। पत्र में साफ-साफ लिखा गया है कि राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर(एनपीआर), नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) की जरूरत नहीं है। यह एक व्यर्थ की कवायद है। पत्र में कहा गया है कि इन कानूनों से



लोगों को परेशानी ही होगी। इन पूर्व 106 नौकरशाहों में दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग, तत्कालीन कैबिनेट सचिव के. एम. चंद्रशेखर और पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त वजाहत हबीबुल्ला शामिल हैं। इन लोगों ने साथी नागरिकों से केंद्र सरकार से इस पर जोर देने का आग्रह किया है

कि वह राष्ट्रीय पहचान पत्र से संबंधित नागरिकता कानून 1955 की प्रासंगिक धाराओं को निरस्त करे। पत्र का शीर्षक है सीएए.. एनपीआर.. एनआरआईसी की जरूरत नहीं।

## डीआईजी पर लगा दोस्त की नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ का आरोप

**मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के आरोपी भगोड़े पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) निशिकांत मोरे को गुरुवार को प्रदेश सरकार ने निलंबित कर दिया।**

यह जानकारी गृह मंत्री अनिल देशमुख ने दी। उप महानिरीक्षक (मोटर वाहन) के तौर पर तैनात निशिकांत मोरे के खिलाफ कार्रवाई उनके खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज होने के दो हफ्ते बाद आया है। निकटवर्ती नवी मुंबई के तालोजा पुलिस ने यह मामला दर्ज किया था।

» भगोड़े पुलिस उप महानिरीक्षक पर गिरी गाज



देशमुख ने कहा कि प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा दी गई रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया गया। डीजीपी ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की थी। डीआईजी अभी फरार चल रहे हैं।

नवी मुंबई पुलिस के मुताबिक छेड़छाड़ की कथित घटना तालोजा में जून 2019 को 17 वर्षीय लड़की के घर पर उसके जन्मदिन की पार्टी में हुई। आईपीएस अधिकारी के खिलाफ मामला हालांकि 26 दिसंबर को दर्ज किया गया। लड़की के परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक पुलिस अधिकारी और पीड़िता के पिता दोस्त थे।

## एनसीआरबी की रिपोर्ट : अपराध के मामले में दिल्ली टॉप पर

नई दिल्ली (आरएनएस)। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट 'क्राइम इन इंडिया-2018 के अनुसार सभी मेट्रो शहरों में अपराध के मामले में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली शीर्ष स्थान पर है। एनसीआरबी द्वारा गुरुवार को जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार, 2018 में 2,37,660 जमानती मामलों के साथ दिल्ली 18 मेट्रो शहरों में अपराध के मामले में शीर्ष पर रही। इस श्रेणी के समग्र आंकड़ों में दिल्ली का हिस्सा 29.6 प्रतिशत है, जिसमें

» हिट एंड रन के मामले भी बढ़े





भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और विशेष व स्थानीय कानून (एसएलएल) शामिल हैं।

2016 के बाद से तीन सालों में दिल्ली ने अपराधों में वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2017 में आईपीसी के 2,24,346 मामले दर्ज हुए थे। वर्ष 2016 में यह आंकड़ा 2,06,135 था। चेन्नई इस सूची में दूसरे स्थान पर है। वर्ष 2018 में यहां दर्ज किए गए अपराधों की कुल संख्या 85,027 थी। यह 2017 में दर्ज 41,573 मामलों से कहीं अधिक था।

इस सूची में गुजरात का सूरत और महाराष्ट्र का शहर मुंबई क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहा। दस हजार किसानों ने आत्महत्या की एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2018 में कृषि क्षेत्र में काम करने वाले 10,349 लोगों ने आत्महत्या की। यह देश में इस अवधि में हुए खुदकुशी के मामलों का सात फीसदी है। वर्ष 2018 में कुल 1,34,516 लोगों ने आत्महत्या की। आत्महत्या के सबसे अधिक मामले महाराष्ट्र (17,972) में दर्ज किए गए है। दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर क्रमशः तमिलनाडु (13,896), पश्चिम बंगाल (13,255), मध्य प्रदेश (11,775) और कर्नाटक (11,561) है।